B-3

श्री बगला नित्यार्चन

लेखक

परम पूज्य 'राष्ट्रगुरु' श्री १००८ श्री स्वामी जी महाराज

प्रकाशक

कल्याण मन्दिर प्रकाशन

अलोपीबाग मार्ग, प्रयाग--६

साधनमाला चतुर्थं वर्ष—५ मणि

श्री बगला नित्यार्चन

लेखक

परम पूज्य 'राष्ट्रगुरु' श्री १००८ श्री स्वामी जी महाराज

श्री पीताम्बरा पीठ, दतिया (म० प्र०)

प्रकाशक

कल्याण मन्दिर प्रकाशन

अलोपीबाग मार्ग, प्रयाग—६

चतुर्थ संस्करण] सम्वत् २०४० [मूल्य ४·००

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ
निवेदन	क
प्राक्कथन	१
पहला उल्लास—प्रातःकृत्यादि तर्पणान्त विवरण	१६
दूसरा उल्लास—द्वार-पूजादि मातृका-न्यासान्त ,,	२१
तीसरा उल्लास—मूल-विद्या-न्यासादि जपान्त ,,	२५
चौथा उल्लास—पात्रासादन	२६
पाँचवाँ उल्लास—अन्तर्यागादि मूल-देवी-पूजा	३७
छठा उल्लास—आवरण-देवता-पूजन	४०
सातवाँ उल्लास—नित्य-होमादि विसर्जनान्त विवरण	४४

निवेदन

यह श्रीबगला-नित्यार्चन तान्त्रिक पूजन का संग्रह है। इसे दतिया के पूज्य श्री १००८ स्वामी जी महाराज ने परशुराम कल्पसूत्र के आधार पर लिखा है। इसका पूजन-विधान सर्वाङ्ग-पूर्ण है। ऐसी उपयोगी पद्धति अब तक कहीं से प्रकाशित नहीं हुई। न्यासादि, पात्र-स्थापन, आवरण-पूजन, षडाम्नाय-पूजन आदि इसमें विस्तार के साथ दिये गए हैं।

प्रारम्भ में श्री स्वामी जी महाराज का जो प्राक्कथन है, उससे बगला महाविद्या के विषय पर विशद प्रकाश पड़ता है।

यह पुस्तक श्री भगवती बगलामुखी के उपासकों के लिये अत्यधिकउपयोगी सिद्ध हुई है। इसका प्रमाण यही है कि यह इसका चौथा संस्करण है।

इस पुस्तक के सिवा हमारे द्वारा 'श्रीबगला कल्पतरु' नामक लेख-संग्रह भी प्रकाशित किया गया है, जिससे श्री बगलोपासना के सैद्धान्तिक पक्ष का ज्ञान मिलता है। इस प्रकार भगवती पीताम्बरा की आराधना के क्रियात्मक एवं दार्शनिक दोनों पक्षों का प्रामाणिक साहित्य जिज्ञासु भक्तों के लिये सुलभ हो गये हैं। इससे सभी बन्धु लाभान्वित होंगे, ऐसा हमारा विश्वास है।

प्रयाग भाद्र अमावस्या २०४० —रमादत्त शुक्ल

श्री बगला-कल्पतरु

[सचित्र]

'ब्रह्मास्त्र-विद्या' के नाम से प्रख्यात भगवती 'श्री बगला' की उपासना प्राचीन काल से अमोघ मानी गई है। सङ्कट-ग्रस्त लोग इनकी शरण लेकर निश्चिन्त हो जाते हैं। वास्तव में 'पीताम्बरा श्रीबगला' का ऐसा ही प्रभाव शत-प्रतिशत लोगों के अनुभव में आता रहा है किन्तु अधिकतर लोग इनके मन्त्र, स्तोत्रादि का प्रयोग भौतिक कामनाओं के लिये ही करते रहे हैं, जब कि इनकी उपासना से आध्यात्मिक उत्कर्ष भी सहज ही प्राप्य है।

'भगवती श्रीबगला' का मन्त्र, ध्यान, पूजा-विधि आदि सभी बातें गोपनीयता के कारण लोगों के लिये दुर्बोद्ध थीं। 'चण्डी' वर्ष २२ के 'श्रीबगला विशेषांक' में प्रकाशित लेखादि साहित्य को पुनः सम्पादित कर प्रस्तुत पुस्तक के रूप में जिज्ञासुओं के लिये सुलभ कर दिया गया है। भ० बगला के स्तोत्र व अनेक नये विषयों का भी विवेचन किया गया है।

पुस्तक में 'भगवती बगला जी का ध्यान-सम्मत तिरङ्गा चित्र व पूजन-यन्त्र भी दिया गया है। १०० पृ० की सइ अनुपम पुस्तक का मूल्य है केवल १५ रु०।

प्राक्कथन

काञ्चन-पीठ-निविष्टां सादर-मुनिवर-वर्णित-प्रभावाम् ।
करुणा-पूरित-नयनां श्रीबगलां पीताम्बरां वन्दे ॥

परम करुणामयी श्री जगन्माता ने देवताओं की स्नेह-पूर्ण प्रार्थना से द्रवीभूत होकर यह प्रतिज्ञा की है कि—

'जब जब हमारे भक्त असुरों से पीड़ित होंगे, तब तब मैं अवतार धारण करके असुरों का विनाश कर उन्हें सुखी करूँगी' (सप्तशती, अध्याय ११-५५)।

सारे विश्व में ऐसा कोई भी स्थान नहीं है, जहाँ किसी-न-किसी रूप में माता की पूजा न होती हो। ये सारे रूप उक्त प्रतिज्ञा की स्मृति के ही सूचक हैं। इनके साथ एक महत्वपूर्ण इतिहास का होना भी अनिवार्य है। तथापि काल की कुटिल गति के प्रभाव से हमारी दृष्टि से वह तिरोहित है। देवी-भागवतादि पुराण ग्रन्थों में जो कुछ इस विषय के इतिहास उपलब्ध हैं, वे इस महान् संस्मरण के बहुत अल्प ही निदर्शन हैं। अनेक रहस्य अभी तक छिपे हुये हैं। श्रीजगदम्बा की शुभ प्रेरणा से ही वे प्रकट हो सकते हैं।

शक्ति-उपासना में इस समय काली, तारा और षोडशी विद्या के ही रूप ध्येय, ज्ञेय रूप से विशेषतः प्रचार में हैं। अन्य महा-विद्याओं के विषय में बहुत कम ही प्रकाश हुआ है। श्री बगला-मुखी महा-विद्या के विषय में वेद एवं तन्त्र-ग्रन्थों में जो कुछ

कहा गया है, उसी पर यहाँ कुछ विचार करते हैं, जिससे इस विद्या का रहस्य पाठकों को व्यक्त होगा।

स्वतन्त्र तन्त्र में कहा गया है—

अथ वक्ष्यामि देवेशि ! बगलोत्पत्ति - कारणम् ।
पुरा कृत - युगे देवि ! वात - क्षोभ उपस्थिते ।।
चराचर - विनाशाय विष्णुश्चिन्ता - परायणः ।
तपस्यया च संतुष्टा महा - त्रिपुरसुन्दरी ।।
हरिद्राख्यं सरो दृष्ट्वा जल - क्रीडा - परायणा ।
महा - पीत - ह्रदस्यान्ते सौराष्ट्रे बगलाम्बिका ।।
श्रीविद्या - सम्भवं तेजो विजृम्भति इतस्ततः ।
चतुर्दशी भौम - युता मकारेण समन्विता ।।
कुल - ऋक्ष - समायुक्ता वीर - रात्रिः प्रकीर्तिता ।
तस्यामेवार्ध - रात्रौ तु पीत - ह्रद - निवासिनी ।।
ब्रह्मास्त्र - विद्या संजाता त्रैलोक्य - स्तम्भिनी ।
तत् - तेजो विष्णुजं तेजो विद्यानुविद्ययोर्गतम् ।।

अर्थात् श्री शङ्कर जी पार्वती से कहते हैं कि 'हे देवि ! श्रीबगला विद्या के आविर्भाव को कहता हूँ। पहले कृत-युग में सारे जगत् का नाश करनेवाला वात-क्षोभ (तूफान) उपस्थित हुआ। उसे देखकर जगत् की रक्षा में नियुक्त भगवान् विष्णु चिन्ता-परायण हुये। उन्होंने सौराष्ट्र देश में हरिद्रा सरोवर के समीप तपस्या कर श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी भगवती को प्रसन्न किया। श्रीविद्या ने ही बगला-रूप से प्रकट होकर समस्त तूफान को निवृत्त किया। त्रैलोक्य-स्तम्भिनी ब्रह्मास्त्र-महाविद्या श्रीविद्या एवं वैष्णव तेज से युक्त हुई। मङ्गलवार-युक्त चतुर्दशी, मकार, कुल-नक्षत्रों से युक्त वीर-रात्रि कही जाती है। इसी को अर्ध-रात्रि में श्रीबगला का आविर्भाव हुआ था।'

उक्त कथानक के अनुकूल कृष्ण-यजुर्वेद की काठक-संहिता में दो मन्त्र आये हैं, जिनसे इस विद्या का वैदिक रूप प्रकट होता है—

विराड्-दिशां विष्णु-पत्न्यघोरास्येशाना सहसो या मनोता।
विश्व-व्यचा इषयन्ती सुभूता शिवा नो अस्तु अदितिरुपस्थे।
विष्टम्भो दिवो धरुणः पृथिव्या अस्येशाना सहसो विष्णु-पत्नी।
बृहस्पतिर्मातारश्वोत वायुस्संध्वाना वाता अभितो गृणन्तु।
(का० सं०, २२ स्थानक, १, २ अनु० ४९, ५०)

अर्थ—'विराट् दिशां' दशों दिशाओं को प्रकाशित करने-वाली, 'अघोरा' सुन्दर स्वरूपवाली, 'विष्णु-पत्नी' विष्णु की रक्षा करनेवाली वैष्णवी महा-शक्ति, 'अस्य' त्रिलोक जगत् की 'ईशाना' ईश्वरी तथा 'सहसः' महान् बल को धारण करनेवाली जो 'मनोता' कही जाती है। 'मनोता' का विवेचन ऐसा किया गया है—

वाग्वै देवानां मनोता तस्यां हि तेषां मनांसि ओतानि, अग्निर्वै देवानां मनोता तस्मिन् हि तेषां मनांसि ओतानि। गौर्हि देवानां मनोता तस्यां हि तेषां मनांसि ओतानि (ऐ० ब्रा० २, १०)

अर्थात् देवताओं का मनस्तत्त्व वाक्, अग्नि और गौ में ओत-प्रोत है। अतः इन तीनों शक्तियों के समुदाय को 'मनोता' कहते हैं। 'विश्वव्यचा' अन्तरिक्ष लोक-स्वरूप समस्त नक्षत्र-मण्डल में प्रकाशित होनेवाली, 'अन्तरिक्षं विश्वव्यचाः' तै० ३-२-३७, 'इषयन्ती' समस्त जगत् को प्रेरित करनेवाली इच्छा-शक्ति-रूपा, 'सुभूता' आनन्दार्थ अनेक रूपों में आविर्भूत होनेवाली, 'अदितिः' अविनाशी-स्वरूप देव-माता, 'उपस्थे' हम उपासकों के समीप, 'शिवा' कल्याण-स्वरूपवाली, 'अस्तु' हो। 'दिवः विष्टम्भः' जो

दिव-लोक का स्तम्भन करनेवाली है। मन्त्र में आया हुआ 'विष्टम्भः' पद स्तम्भन-तत्व को बता रहा है। 'धरुणः पृथिव्याः' पृथिवी तत्व की जो प्रतिष्ठा है—'प्रतिष्ठा वै धरुणम्' श० ७-४-२-५। श्रीबगला माता का बीज पार्थिव है—'बीजं स्मेरत् पार्थिवम्' तथा बीज-कोश में इसे ही प्रतिष्ठा कला भी कहते हैं। 'अस्य सहसः ईशाना' सारे जगत् पर जिसका शासन है, वह 'विष्णु-पत्नी'—विष्णु की रक्षा करनेवाली, बृहस्पति, मातरिश्वा और वायु-रूपवाली, 'संध्वाना' शब्द-तत्व का कारण, 'वाता' वात-क्षोभ को शान्त करनेवाली, 'अभितो गृणन्तु' हमें उभय-लोक में भुक्ति एवं मुक्ति प्रदान करे। 'स्वर्गापवर्ग-प्रदे' इस वचन से सिद्ध होता है।

स्वतन्त्र तन्त्र में उल्लिखित कथा से इन दोनों मन्त्रों में कथित तत्व अभिन्न ही सिद्ध हो रहा है।

स्तम्भन-शक्ति का स्वरूप

नाम-रूप से व्यक्त एवं अव्यक्त सभी पदार्थों की स्थिति का आधार स्तम्भन-शक्ति है। इसी अभिप्राय में कहा है—

'आधार-भूता जगतस्त्वमेका, मही-स्वरूपेण यतः स्थिताऽसि'

(सप्तशती, अध्याय ११-४)

वेद एवं वेदान्त शास्त्र में इसे ही ब्रह्म-तत्व कहा गया है—

येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढा येन स्वः स्तंभितं येन नाकः।

(य० वे० ३२-६)

अर्थात् उस परम तत्व स्तम्भन-शक्ति से ही द्यौ-लोक वृष्टि प्रदान करता है; उसी से आदित्य-मण्डल स्तम्भित है; उसी से स्वर्ग-लोक भी ठहरा हुआ है। इस मन्त्र में स्तम्भन-शक्ति का स्वरूप एवं उपयोग बताया गया है। बृहदारण्यक के अक्षर ब्राह्मण में इसी की व्याख्या विस्तार से की गई है—

'स होवाचैतद्वै तदक्षरं गार्गि ! ब्राह्मणा अभिवदन्ति···
एतस्याक्षरस्य प्रशासने गार्गि ! सूर्या-चन्द्रमसौ विधृतौ तिष्ठतः...
द्यावा-पृथिव्यौ विधृते तिष्ठतः' (बृ० ४-८-८-९)।

अर्थात् 'हे गार्गि ! इसी अक्षर-तत्व को ब्राह्मण ब्रह्म-वेत्ता योगी अक्षर कहते हैं। इसी से सूर्य, चन्द्र, द्यौ, पृथिवी आदि समस्त लोक अपनी-अपनी मर्यादा में ठहरे हुये हैं।' वेदान्त के 'अक्षरामबरान्त-धृतेः' तथा 'सा च प्रशासनात्' (वे० द० १-३-१०, ११) इन दोनों सूत्रों में इसी की मीमांसा की गई है। स्त्री-लिङ्ग का प्रयोग होने से परम तत्व शक्ति-रूपवाला है, यह स्पष्ट हो जाता है। 'विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्', इस श्लोक में 'विष्टभ्य' पद से भगवान् श्रीकृष्ण ने उक्त तत्त्व का ही समर्थन किया है। इस प्रकार श्रुति-स्मृति के प्रमाणों द्वारा स्तम्भन-शक्ति का स्वरूप ज्ञात होता है। वही विष्णु-पत्नी सारे जगत् का अधिष्ठान ब्रह्म-स्वरूपवाली है। इसे ही तन्त्र में 'श्री बगला महाविद्या' कहा गया है।

इसके इस व्यापक स्वरूप के ज्ञान से साधक अविद्या से मुक्त होकर मुक्ति लाभ करता है। महा-विद्या नाम की चरितार्थता इसी से होती है। दूसरा स्वरूप कर्म-मार्ग का है। जगन्माता की ज्ञान और क्रिया इन दोनों शक्तियों का आश्रय कर श्रेय एवं प्रेय इन दोनों धर्मों का निरूपण आर्य-शास्त्रों में किया गया है। 'यतोऽभ्युदय-निश्रेयस्-सिद्धिः स धर्मः'—इस प्रसिद्ध कणाद सूत्र में कहा है। उक्त ज्ञान-स्वरूप मुमुक्षु साधकोंके लिये माना जाता है। दूसरा कर्मकाण्ड ऐहिक सुखों के लिये उपयुक्त होता है। इसके तीन स्वरूप हैं— शान्तिक, पौष्टिक और आभिचारिक। दैवी प्रकोप से उत्पन्न नाना प्रकार की आधि-व्याधियों के शमन

के लिये शान्ति-कर्म का उपयोग होता है। 'धन-जनानां वर्धनं पुष्टिः'—धन, जन आदि लौकिक उपयोगी वस्तुओं की वृद्धि के लिये पौष्टिक कर्मों का अनुष्ठान होता है और शत्रुओं के निग्रह के लिये आभिचारिक कर्मों का विधान है।

इन तीनों प्रकार के कर्मों का अनुष्ठान स्तम्भन-महाशक्ति के रूप मे होता है। स्वतन्त्र तन्त्र में शान्ति-कर्म का उपयोग बताया गया है। आधि-व्याधि का निरोध स्तम्भन का प्रधान कार्य है। जिस तरह धातुओं की न्यूनता से रोगी की शारीरिक क्षीणता होकर दुर्बलता होती जाती है, उस अवस्था में आयुर्वेदज्ञ वैद्य क्षीणता की स्तम्भक औषधों को देकर रोगी को पुष्ट करने के लिये पौष्टिक उपचार कर उसे बलिष्ठ बना देते हैं, इसी प्रकार दारिद्र्य-ग्रस्त मनुष्यों को पौष्टिक कर्मों द्वारा धन-जन की वृद्धि करने में स्तम्भन-शक्ति का उपयोग होता है। इसका निरूपण वैदिक, तान्त्रिक दोनों धर्मों में विस्तार के साथ किया गया है। मारण, मोहनादि आभिचारिक कर्मों में तो स्तम्भन का साम्राज्य ही है। श्रीबगलामुखी का प्रसिद्ध तन्त्र-ग्रन्थ 'सांख्यायन' इससे भरा हुआ है। क्रमशः ये तीनों कर्म सात्विक, राजस और तामस कहे जाते हैं।

इन आभिचारिक प्रसङ्गों में श्रीबगला विद्या की प्रधानता होने से बहुत से लोग इन्हें केवल तामसिक शक्ति कहते हैं। कामधेनु-तन्त्र में तामस प्रकरण में ही इनकी गणना की गई है और 'कल्याण' के शक्ति-अङ्क के 'दश महाविद्या' शीर्षक लेख में पं० मोतीलाल शर्मा ने शत्रु-निरोध में ही इस विद्या का उपयोग लिखा है परन्तु यह बात एक-देशीय है, प्रधानता के अभिप्राय में ही है, वास्तविक रूप से नहीं। शक्ति-सङ्गम तन्त्र (ताराखण्ड) में तो त्रि-शक्ति रूप में ही श्रीबगला को माना है—

'सत्ये काली च श्रीविद्या कमला भुवनेश्वरी ।
सिद्ध - विद्या महेशानि ! त्रिशक्तिर्बगला शिवे ॥'

अतः श्रीबगला माता को केवल तामस मानना ठीक नहीं है। आभिचारिक कृत्यों में भी रक्षा की ही प्रधानता होती है। यह कार्य इसी शक्ति द्वारा निष्पन्न होता है। इसीलिये इसके बीज की एक संज्ञा रक्षा-बीज भी है (मन्त्र-योग-संहिता)—

'शिव-भूमि-युतं शक्ति-नाद-बिन्दु-समन्वितम् ।
बीजं रक्षा-मयं प्रोक्तं मुनिभिर्ब्रह्म-वादिभिः।'

यजुर्वेद के प्रसिद्ध आभिचारिक प्रकरण में अभिचार-स्वरूप की निवृत्ति में इसी शक्ति का विनियोग किया गया है। इस प्रकरण का यजुर्वेद की सभी संहिताओं (तैत्तरीय, मैत्रायणी, काक, काठक, माध्यंदिनि, काण्व) में समान-रूप से पाठ आया है। माध्यंदिनि संहिता के भाष्यकर्त्ता उव्वट, महीधर भाष्यकारों ने जैसा अर्थ इसका लिया है, उसका सार यहाँ देते हैं। पं० ज्वालाप्रसाद कृत मिश्र भाष्य में इसका हिन्दी अनुवाद भी दिया गया है।

आभिचारिक प्रकरण

शुक्ल यजुर्वेद माध्यंदिनि संहिता के पाँचवें अध्याय की २३, २४, २५ वीं कण्डिकाओं में अभिचार-कर्म की निवृत्ति में श्रीबगला महाशक्ति का वर्णन इस प्रकार आया है—'रक्षोहणं वलग-हनं वैष्णवीमिदमहं तं वलगमुत्किरामि' (य० ५, अ० २३) अर्थात् 'राक्षसों द्वारा किये गये अभिचार की निवृत्ति के लिये वैष्णवी महाशक्ति को प्रतिपादन करनेवाली महावाणी को इन्द्र से कहो' इत्यादि प्रसङ्ग में बगला-मुखी विद्या का स्वरूप वेद ने परम-रहस्य रूप से बताया है। वेद में तन्त्रशास्त्र-प्रसिद्ध

बगला-पद 'वलगा' इस व्यत्यय नाम से कहा जाता है। इसका अर्थ उव्वट ने ऐसा किया है—

'वलगान् कृत्या-विशेषान् भूमौ निखनितान् शत्रुभिर्विनाशार्थं हन्तीति वलगहा तां वलग-हनम्' (उव्वट भाष्य)

अर्थात् 'शत्रु के विनाश के लिये कृत्या-विशेष भूमि में जो गाड़ देते हैं, उन्हें नाश करनेवाली वैष्णवी महाशक्ति को वलगहा कहते हैं।' यही अर्थ वगलामुखी का भी है।

'खनु अवदारणे' इस धातु से 'मुख' शब्द बनता है, जिसका अर्थ मुख में गये पदार्थ का चर्वण या विनाश ही अभिप्रेत होता है। इस प्रकार शत्रुओं द्वारा किये हुये अभिचार को नष्ट करनेवाली महाशक्ति का नाम बगलामुखी चरितार्थ होता है। श्रीमहीधर ने इसका स्पष्ट अर्थ ऐसा किया है—

'पराजयं प्राप्य पलायमानै राक्षसैरिन्द्रादि-वधार्थमभिचाररूपेण भूमौ निखाता अस्थि-केश-नखादि-पदार्थाः कृत्या-विशेषा वलगाः।'

अर्थात् 'इन्द्रादि देवताओं द्वारा पराजित होकर भागे हुये राक्षसों ने देवताओं के बध के लिये अस्थि, केश, नखादि पदार्थों के द्वारा अभिचार किया।' तैत्तरीय ब्राह्मण में भी कहा है—'असुरा वै निर्यन्तो देवानां प्राणेषु वलगान् न्यखनन्' अर्थात् देवताओं को मारने के लिये असुरों ने अभिचार किया। शतपथ ब्राह्मण (३-४-३) में भी इसे इस प्रकार बताया है—

'यदा वै कृत्यामुत्खनन्ति अथ सालसामोघाभिभवति तथा एवैष एतद्-यस्मा अत्र कश्चित् द्विषन् भ्रातृव्यः कृत्यां वलगान् निखनति तानेवैतदुत्किरति।'

उक्त ही अर्थ इस वचन का भी है। 'वलगा' का अर्थ महीधर ने इस प्रकार किया है—'यस्य बधार्थं क्रियते तं वृण्वन्नाच्छादयन्

गच्छतीति वलगः' (महीधर भाष्य) अर्थात् 'जिसके वध के लिये कृत्या का प्रयोग किया जाता है, उसे गुप्त रीति से मार देता है।' इसीलिये महर्षि यास्क ने 'वलगो वृणोतः' (नि० ६) 'वृञ् आच्छादने' धातु से बनाया है। 'वलगान्' इसी द्वितीयान्त पद के अनुकरण से बगला यह तान्त्रिक नाम निष्पन्न हुआ है। भगवती के 'बगलामुखी' इस संज्ञा नाम की सिद्धि पर वैयाकरण लोग आपत्ति करते हैं कि यह नाम अशुद्ध है क्योंकि 'नख-मुखात् संज्ञायाम्' इस सूत्र से 'ङीष्' प्रत्यय का निषेध होकर आ-प्रत्यय होकर 'बगलामुखा' ही नाम शुद्ध है परन्तु 'स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्' इस सूत्राधिकार से उक्त सूत्र की प्रवृत्ति होती है। यहां 'मुखी' शब्द स्वाङ्ग-वाची नहीं है। बगला के निःसारण में ही 'मुख' शब्द का प्रयोग है। 'मुखं निःसरणम् इत्यमरः' तथा 'मुखमुपाये प्रारम्भे श्रेष्ठे निःसरणास्ययोः इति हैमः'। उपाय, प्रारम्भ, श्रेष्ठ, निःसरण और मुख के अर्थ में ही 'मुख' शब्द का प्रयोग होता है। अतः उक्त सूत्र की यहाँ प्राप्ति ही नहीं है। ज्वालामुखी, सूर्यमुखी, गौमुखी शब्दों की तरह यह शब्द भी सिद्ध ही है।

यह शक्ति वैष्णवी है। यह प्रकरण से भी सिद्ध है क्योंकि इस प्रकरण के पूर्व वैष्णव सूक्त का प्रसङ्ग है। अथर्ववेद में इस वलगा का प्रसङ्ग अनेक स्थानों पर आया है। उनमें से एक 'वलगा-सूक्त' का पाठ यहाँ देते हैं जिसके विषय में अथर्ववेदी विद्वानों की ऐसी सम्मति है कि इसके पाठ से कृत्या का निवारण शीघ्र ही हो जाता है। इस सूक्त (अथर्व ५ का., ६ अनु.) में अनेक प्रकार कृत्या के दिये हुये हैं—

बगला सूक्त

यां ते चक्रुः रामे पात्रे यां चक्रुर्मिश्र-धान्यके,
आमे मांसे कृत्यां यां चक्रुः पुनः प्रति-हरामि तां ॥
यां ते चक्रुः कृक-वाकाः वजे वा यां कुरीरिणि।
अव्यां ते कृत्यां यां चक्रुः पुनः प्रति-हरामि तां ॥
यां ते चक्रुः एक - शफे पशूनामुभयादति ।
गर्दभे कृत्यां यां चक्रुः पुनः प्रति- हरामि ताम् ॥
यां ते चक्रुरमूलायां वलगं वानराच्याम् ।
क्षेत्रे ते कृत्यां यां चक्रुः पुनः प्रति-हरामि ताम् ॥
यां ते चक्रुर्गार्हपत्ये पूर्वाग्नावुत दुश्चितः ।
शालायां कृत्यां यां चक्रुः पुनः प्रति-हरामि ताम् ॥
यां ते चक्रुः सभायां यां चक्रुरधि - देवने ।
अक्षेषु कृत्यां यां चक्रुः पुनः प्रति-हरामि ताम् ॥
यां ते चक्रुः सेनायां यां चक्रुरिष्वायुधे ।
दुन्दुभौ कृत्यां यां चक्रुः पुनः प्रति-हरामि ताम् ॥
यां ते कृत्यां कूपे बदधुः श्मशाने वा निचख्नुः।
सद्मनि कृत्यां यां चक्रुः पुनः प्रति-हरामि ताम् ॥
यां ते चक्रुः पुरुषस्यास्थे अग्नौ सङ्कु-सुके च याम् ।
म्रोकं निर्दाहं क्रव्यादं पुनः प्रति - हरामि तां ॥
अप थैनाज भारेणां तां पथेतः प्रहिण्मसि ।
अधीरो मर्या धीरेभ्यः सञ्जभारा चित्या ॥

यश्चकार न शशाक कर्तुं शश्ने पादमंगुरिम् ।
चकार भद्रमस्मभ्यमभगो भगवद्भ्यः ॥
कृत्या कृतं वलगिनं शपथेऽय्यम् ।
इन्द्रस्तं हन्तुं महता वधेनाग्निर्विध्यत्वस्तया ॥

सूक्त का अर्थ सरल है। अतः इसके अनुवाद करने की आवश्यकता नहीं है। इसके विषय में एक अनुभवी विद्वान् का कहना है कि कृत्या के निवारण में यह सूक्त अपूर्व शक्ति रखता है। केवल एकादश पाठ ही पर्याप्त हैं।

इसके अतिरिक्त 'श्री ललिता-सहस्रनाम' के माहात्म्य में—

'यो वाभिचारं कुरुते नाम सहस्र पाठके।
निवर्त्य तत क्रियांहन्यात् तं व प्रत्यङ्गिरा स्वयम् ॥ ६८॥

इस श्लोक का भाष्य इस प्रकार किया गया है—

'अभिचारं अदृष्ट-द्वारक वैरि-मारण-साधन-क्रियां श्येन-यागादि-रूपां निवर्त्य पराकृत्य पराङ्-मुखीकृत्येति यावत् प्रत्यङ्गिरा अथर्वण भद्रकाली देवता अथर्वण वेद-मन्त्र-काण्डे शौनक-शाखाया द्वात्रिंशदृचः।'

अर्थात् श्रीललिता-सहस्रनाम-पाठी के ऊपर जो कोई अभिचार करता है, उसे प्रत्यङ्गिरा शक्ति स्वयं उसकी क्रिया को लौटाकर मार देती है। अदृष्ट द्वारा शत्रु के मारण की क्रिया को अभिचार कहते हैं। शौनक शाखा के उक्त स्थल पर ये मन्त्र आये हैं। इन मन्त्रों में 'बलग' शब्द भी आया है तथा 'प्रत्यङ्गिरस्' शब्द एक मन्त्र में आने से इसे 'प्रत्यङ्गिरा' नाम दिया गया है। इस प्रत्यङ्गिरा शक्ति का इस विषय में बड़ा माहात्म्य है। इसके अनेक स्तोत्र-मन्त्र भी उपलब्ध होते हैं। 'श्री काली नित्यार्चन' में एक प्रभावशील स्तोत्र साधक-प्रवर

श्री श्यामानन्दनाथ जी ने दिया है। श्री बगलामुखी एवं श्री प्रत्यङ्गिरा दोनों शक्तियों का स्वरूप इस अंश में विलक्षण प्रभाव रखता है, यह सारा साधक-समुदाय जानता है, विशेष लिखने की आवश्यकता नहीं है।

कृत्या क्या है ?

'कृती छेदने' इस धातु से 'कृत्या' शब्द बनता है, जिसका अर्थ हिंसात्मक काय होता है। इसी अर्थ को लेकर इसकी लोक में प्रवृत्ति भी है। अम्बरीष के ऊपर दुर्वासा ने ऐसा ही किया था; शङ्कर- दिग्विजय में आचार्य शङ्कर के ऊपर भी अभिचार किया गया था, इसका उल्लेख मिलता है; भाषा-रामायण के कर्त्ता श्री तुलसीदास के ऊपर भी किया गया था। आजकल भी कहीं-कहीं इसका अस्तित्व देखने को मिलता है। उक्त अर्थ में ही कोशों में भी 'कृत्या' का अर्थ मिलता है। पण्डित श्रीधर गणेश वाजे, बी० ए० कृत 'इंग्लिश मराठी डिक्शनरी' में 'कृत्या' का अर्थ ऐसा ही किया गया है—

'कृत्या वह स्त्री देवता है, जिसकी पूजा-बलि विनाश के लिये की जाती है। तान्त्रिक कृत्या विशेष कृत्या है। आजकल के नव-शिक्षित-गण इस कर्म पर विश्वास नहीं करते हैं, न इसकी सत्ता ही मानते हैं। इसी से प्रेरित होकर कृत्या के प्रतिपादन करनेवाले वैदिक सूत्रों का अर्थ आर्यसमाज के कई पंडितों ने असङ्गत एवं कल्पना-मूलक ही किया है। पण्डित श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ने तो निष्पक्ष-पात दृष्टि से अपने अथर्ववेद के सुबोध भाष्य में अपनी अनभिज्ञता इस विषय की स्वीकार की है और कहा है कि 'जो कोई विद्वान् इसे हमें बतायेंगे, हम सधन्यवाद स्वीकार करेंगे और प्रकाशित करेंगे।'

विशेषतः इस कर्म के करनेवाले शाबर तन्त्रों का आश्रय लेकर करते हैं। उन्हीं के पास इसकी क्रिया देखी गई है। यह एक प्रकार का आसुरी कर्म है। इसके करनेवाले को अधम बताया गया है। यह सृष्टि के प्रथम काल से ही होता आ रहा है। अतः इसकी निवृत्ति के उपाय वेद एवं तन्त्रों में बताये गये हैं। श्रीबगला एवं प्रत्यङ्गिरा शक्ति का अभ्यास इसके नष्ट करने के अमोघ उपाय हैं।

संक्षिप्त श्रीबगला-साधन

सत्सम्प्रदायानुसार पहले पहल साधक को गुरु से बगला मन्त्र का उपदेश ग्रहण कर, ब्रह्मचर्य-पूर्वक देवी-मन्दिर में, पर्वत-शिखर पर, शिवालय में, गुरु के समीप या जैसी सुविधा हो, पीताचार से मात्र मन्त्र का पुरश्चरण एक लक्ष जप-पूर्वक करना चाहिये। षट्-त्रिंशदक्षर मन्त्र का साधन ही प्रधान है। एकाक्षर स्थिरमाया, चतुरक्षर, अष्टाक्षर, नवाक्षर, हृदय, शताक्षर, पञ्चास्त्र मन्त्रों को क्रम से ग्रहण करके सहस्राक्षर मन्त्र पर्यन्त अभ्यास मन्त्र-सिद्धि की परम अवधि है। पञ्चाङ्ग, उपनिषद् का प्रतिदिन पाठ और नित्यार्चन-पद्धति से पूजन करना चाहिये। रुद्रयामलोक्त बृहत्पद्धति का अनुष्ठान तो आजकल बहुत कठिन और समय-साध्य है। होम के विषय में यद्यपि कृताकृत प्रसङ्ग है तथापि पूजाङ्ग-रूप से नित्य-होम का होना अत्यन्त सिद्धि-प्रद है।

इस घोर कलि-काल में श्री बगला के प्रयोग प्रत्यक्ष सिद्धि-प्रद हैं। इसीलिये तन्त्रों में इन्हें सिद्ध-विद्या कहा गया है। विशेषतः राज्याभियोग में अप्रतिम प्रभाव इनका देखा गया है। मुमुक्षु-गण तो काम, क्रोध आदि दुष्टों के स्तम्भन, कीलन एवं विनाश में ही इनका उपयोग करते हैं। काम के जीतने में भग-

वान् श्रीकृष्ण ने भी गीता (अ० ३ ।)में स्तम्भन का प्रयोग अर्जुन को बताया है—

> एवं बुद्धेः परं बुद्ध्वा संस्तभ्यात्मानमात्मना ।
> जहि शत्रुं महाबाहो ! काम-रूपं दुरासदम् ॥

कुलाचार का पूजन, वीर-साधन, चक्रानुष्ठान-पद्धति भी इनकी उपलब्ध होती है । स्वगुरु के आचारानुसार इनका साधन करना चाहिये । सभी आचारों से बगला सिद्धि-प्रद देवता है ।

❀ ❀ ❀

प्रकृत श्रीबगला नित्यार्चन' श्रीबगला महाशक्ति की सर्वाङ्ग-पूर्ण पूजा-पद्धति है । यह पूजा-पद्धति एक सिद्ध महात्मा के पूजा-क्रम का निर्देश है । उन्होंने अपने साधना-जीवन में इसका सफल अनुष्ठान किया था, जिसके फलस्वरूप वे सभी शास्त्रों के पार-दर्शी होते हुये संगीत विद्या के सभी अङ्गों के प्रकृष्ट उन्नायक थे । उन्हें गन्धर्व-श्रेष्ठ की उपाधि भी प्राप्त थी । महाराष्ट्र देश के विदर्भ-प्रान्त में आप प्रकट हुये थे; दीक्षा का नाम अनन्तानन्दनाथ था । उन्हीं के द्वारा मुझे यह प्राप्त हुई थी । बहुत समय से श्रीपीताम्बरा-पीठ के पुस्तक-संग्रहालय में यह पद्धति रक्खी हुई थी । श्री भगवती के उपासकों की सुविधा के लिये इसे प्रकाशित करना उचित एवं उपयुक्त समझकर श्रीमान् शुक्ल जी से अनुमति लेकर 'साधनमाला' द्वारा साधकों के समीप इसे पहुँचा देना ही श्रेयस्कर समझकर यह कार्य किया गया है । आशा है, इससे साधक-समुदाय अपनी अभीष्ट-प्राप्ति करने में कृतकार्य होगा ।

कवच, शतनाम, कीलक एवं ब्रह्मास्त्र-विद्या कामवीज रत्नावली स्तोत्र भी श्री विद्या पीताम्बरा बगलामुखी के अलभ्य

स्तोत्र हैं। इन्हें 'श्री बगला कल्पतरु' में प्रकाशित किया गया है। इनके पाठ से श्री भगवती की कृपा अवश्य ही होती है।

श्री भगवती के अनेक प्रकार के अर्चन हैं, जो विभिन्न अवसरों पर किये जाते है। यह नित्यार्चन रोज का क्रिया है, जिसके अनुष्ठान से देवी-भाव की अभिव्यक्ति होती है। इसका अङ्ग होम एवं जप है, जो पद्धति में यथा स्थान निर्दिष्ट है। इस पद्धति के अनुसार उपासना करने से अवश्य ही सिद्धि होती है। इसका क्रम परशुराम-कल्पसूत्र के अनुसार नियत किया गया है। अतः पूर्ण प्रामाणिक पद्धति है।

पहला उल्लास

प्रातः-कृत्यादि तर्पणान्त विवरण

ब्राह्म-मुहूर्त में उठकर अपने ब्रह्मरन्ध्र में संघट्ट-मुद्रा द्वारा—'ॐ ऐं ह्रीं श्रीं ह्सखफ्रें ह्सक्षमलवरयूं सहखफ्रें सहक्षमलवरयीं हंसः सोहं ह्सौः स्हौः श्री अमुकाम्बा-सहित श्री अमुकानन्दनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः' से पूजन कर गुरुदेव का ध्यान करे। यथा—

सहस्र-दल-पङ्कजे सकल-देवता-रूपिणम् ।
स्मरेच्छिरसि हंसकं तदभिधान-पूर्वं गुरुम् ॥

ध्यान करने के वाद उनके चरणारविन्द से स्रवित होती हुई मकरन्द-सुधा-धारा से अपनी देह का अभिषिञ्चन कर मानसोपचारों से उनका यजन करे। यथा—

श्रीगुरु-पादुका-देवतायै लं पृथिव्यात्मकं गन्धं कल्पयामि नमः।
(अंगुष्ठ-कनिष्ठा से),
हं आकाशात्मकं पुष्पं कल्पयामि नमः (अंगुष्ठ-तर्जनी),
यं वाय्वात्मकं धूप कल्पयामि नमः (अंगुष्ठ-मध्यमा),
रं तेजसात्मकं दीपं कल्पयामि नमः (अंगुष्ठानामिका),
वं अमृतात्मकं नैवेद्यं कल्पयामि नमः(अंगुष्ठ-मध्यमानामिका),
सं सर्वात्मकं ताम्बूलं कल्पयामि नमः (सर्वांगुलियों से)

इस प्रकार पूजन कर निम्न श्लोक से गुरुदेव की स्तुति कर उन्हें प्रणाम करे—

नमोऽस्तु गुरवे तस्मै स्वेष्ट-देवी-स्वरूपिणे ।
यस्य वागमृतं हन्ति विषं संसार-संज्ञकम् ।।

अब मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र तक उल्लास करनेवाली कुण्ड-लिनी-मयी मूल-विद्या का ध्यान कर उसके प्रभा-पटल से अपने शरीर को व्याप्त समझे। ध्यान—

प्रसन्न-वदनाम्भोजामुत्फुल्ल-नयनांचलाम् ।
पीत-वस्त्र-परीधानां पीत-कंचुकि-शोभिताम् ।।१।।
बालारुण-सु-ताम्रौष्ठीं पीत-गन्धानुलेपनाम् ।
हार-ग्रैवेय-काञ्चीभिर्मुक्ता-माला-विराजितां ।।२।।
मणि-नूपुर-शोभाढ्यामनेक -रत्न संयुताम् ।
दिव्य-रत्न-समायुक्तां दिव्य-माणिक्य-भूषितां ।।३।।
ताम्बूल-पूरित-मुखीं नाना-मौक्तिक-शोभितां ।
अनेक-रत्न-ज्योतिश्च शिरो-माला-विभूषितां ।।४।।
कुच-द्वय-समृद्धांगीं नितम्बेन विराजितां ।
मुक्ता-लता-युत-श्रोणीमुद्यदादित्य-सन्निभाम् ।।५।।

इस प्रकार ध्यान कर यथा-शक्ति मूल-विद्या 'ह्लीं' का जप करे। तदनन्तर मूल का १०८ या १० बार जप करे। फिर—'अनेन जपेन श्रीगुरु-देवता प्रीयताम्' इस मन्त्र से जप समर्पण कर प्रातः-स्मरणादि स्तोत्रों से गुरु की स्तुति कर योनि-मुद्रा से प्रणाम करे और 'सोहं' का उच्चारण करते हुये भूमि की प्रार्थना करे। यथा—

समुद्र-मेखले देवि ! पर्वत-स्तन-मण्डले ।
विष्णु-पत्नि! नमस्तुभ्यं पाद-स्पर्शं क्षमस्व मे ।।

तदनन्तर श्वासानुसार पैर बढ़ाकर बाहर निकले और आवश्यक क्रियाओं से निवृत्त होकर आचमन के बाद—ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं यक्ष-सेनाधिपतये मणिभद्राय किलि किलि स्वाहा' इस मन्त्र से विहित दन्त-काष्ठ को अभिमन्त्रित कर मूल से दाँतों का शोधन कर—'ॐ सर्व-तत्व-वशं-करि स्वाहा' से मुख धोकर सामग्री सहित जलाशय को जाये। वहाँ अस्त्र-मन्त्र (फट्) से प्रक्षालित तीर पर स्नानीय को रखकर वैदिक स्नान करे। फिर तान्त्रिक स्नान करे। यथा—

'ऐं आत्म-तत्वाय स्वाहा, ह्रीं विद्या-तत्वाय स्वाहा, श्रीं शिव-तत्वाय स्वाहा'—इन मन्त्रों से तीन बार आचमन कर मूल से प्राणायाम करे। तदनन्तर—'श्री बगलामुखी-देवता-प्रीतये स्नानमहं करिष्ये'—यह सङ्कल्प कर जल में त्रिकोण-मण्डल बनाकर सूर्य-मण्डल में दिव्य भूषणों से विभूषित देवी का ध्यान करे और उसके पादोदक को 'क्रों' से अंकुश-मुद्रा द्वारा त्रिकोण-मण्डल में आवाहित कर कवच—'हुं' से अवगुंठन, अस्त्र—'फट्' से संरक्षण और 'वं' से धेनु-मुद्रा द्वारा अमृतीकरण करे। फिर षडङ्ग कर मूल का जप करते हुये कलश से तत्व-मुद्रा द्वारा अपने सिर पर प्रोक्षण कर आचमन करे। तब—'मूलं श्रीबगला-मुखीं तर्पयामि नमः' से तीन बार तर्पण कर गीले वस्त्र उतारकर धौत-वस्त्र या पीत वस्त्र धारण कर आसन पर बैठे और तिलक * लगाकर वैदिकी सन्ध्या कर तान्त्रिकी सन्ध्या करे।—

---

* गृहीत्वा चन्दनं पीतं ततो वाम-तले न्यसेत्।
कनिष्ठिकया च संलिख्य त्रिकोणं यन्त्रमुत्तमम्॥
वृत्तं षट्कं चतुर्युक्तं मूल-मन्त्रेण योजयेत्।
त्रि-सप्त वाष्टमादिश्य तेन वश्यं भवेज्जगत्॥

'ऐं आत्म-तत्वाय स्वाहा, ह्लीं विद्या-तत्वाय स्वाहा, श्रीं शिव-तत्वाय स्वाहा' से आचमन कर प्राणायाम करे। फिर—'श्रीबगलामुखी-प्रीतये मन्त्र-सन्ध्यामहं करिष्ये' से सङ्कल्प कर ऋष्यादि-न्यास करे। यथा—नारद-ऋषये नमः शिरसि, त्रिष्टुप्छन्दसे नमो मुखे, श्रीबगलामुखी-देवतायै नमो हृदये, ह्लीं बीजाय नमो गुह्ये, स्वाहा शक्तये नमो पादयोः, ॐ कीलकाय नमः सर्वांगे।

षडङ्ग-न्यास—ह्लां हृदयाय नमः, ह्लीं शिरसे स्वाहा, ह्लूं शिखायै वषट्, ह्लैं कवचाय हुं, ह्लौं नेत्र-त्रयाय वौषट्, ह्लः अस्त्राय फट्।

कर-न्यास—ह्लां अंगुष्ठाभ्यां नमः, ह्लीं तर्जनीभ्यां नमः, ह्लूं मध्यमाभ्यां नमः, ह्लैं अनामिकाभ्यां नमः, ह्लौं कनिष्ठाभ्यां नमः, ह्लः करतल-करपृष्ठाभ्यां नमः।

धेनु-मुद्रा से जल का अमृतीकरण कर उस जल को दाहनी हथेली में लेकर उसे बायें हाथ से ढँककर उसे मूलमन्त्र से तीन बार अभिमन्त्रित करे और वाम तत्व-मुद्रा से शिर, पैरों और वक्ष का मूल से अलग-अलग मार्जन कर अवशिष्ट जल को बाईं नासिका से लगाकर उसे इडा से आकृष्ट करते हुये देह के भीतर स्थित कलुष को धोकर दाईं नासिका से उसका विरेचन करते हुये अपनी बाईं ओर कल्पित ज्वलद्-वज्र-पाषाण पर—'ॐ ह्लः अस्त्राय फट्' से फेंक दे। फिर अर्क-मण्डल में देवी का ध्यान कर—'ॐ ह्लीं बगलामुखि विद्महे दुष्ट-स्तम्भिनि धीमहि तन्नो शक्तिः प्रचोदयात्' से देवी को तीन बार अर्घ्य देकर मूल का २८ बार और गायत्री का दश बार जप करे।

तदनन्तर—'ॐ ह्रां ह्रीं हंसः श्रीसूर्यायेदमर्घ्यं नमः' से तीन बार अर्घ्य देकर सूर्य को प्रणाम करे। (अथवा भूमि पर चतुरस्र बनाकर 'नमः' से उसकी पूजा कर उसमें एक ताम्र-पात्र रखे। फिर उसके मध्य में गन्धादि से अष्टदल लिखकर पर्वादि में

इन्द्रादि अष्ट ग्रहों की पूजा कर और उसके मध्य में अर्क-मण्डल में 'ह्रां ह्रीं हंसः' मन्त्र से अर्क की पूजा कर 'ह्रीं हंसः सूर्य-मण्डलाय नमः' से तीन बार अर्घ्य देकर श्री सूर्यदेव को प्रणाम करे।) तब हाथ में जल-पात्र लेकर घर जाय और सन्ध्योत्तर तर्पण करे।

अब तान्त्रिक तर्पण करे। यथा—आचमन और प्राणायाम कर—'श्रीबगलामुखी-प्रीतये तान्त्रिक-तर्पणमहं करिष्ये'—यह सङ्कल्प करे और अपने सामने जल में त्रिकोण की परिकल्पना कर उसके मध्य में इष्ट-देवता का आवाहन तथा ध्यान कर निम्न मन्त्रों से ३-३ बार तर्पण करे। प्रत्येक तर्पण-वाक्य के प्रारम्भ में 'ॐ ह्लीं' की योजना कर ले—

अस्त्र-विद्या-दातारं गुरुं तर्पयामि नमः, स्तम्भनादि-विद्या दातारं गुरुं त०, ब्रह्मानन्दनाथ-गुरुं त०, विश्वकसेनानन्दनाथ-गुरुं त०, शिवानन्दनाथ गुरुं त०, त्रं तोतलाम्बां त०, स्त्रीं तारिण्यम्बां त०, बगलामुखीं त०, शीं शीतलां०, श्रीं मनोन्मनीं त०, वीं वैं वैखरीं त०, खां खें खेचरीं त०, क्रीं कालीं त०, बगला-मुखीं त०, जीव-दातारं पितरं त०, पितामहं त०, प्रपितामहं त०, वृद्ध-प्रपितामहं त०, गोत्रजाँस्तर्प०, स्तन्य-दात्रीं मातरं त०, पिता-महीं त०, प्रपितामहीं त०, वृद्ध-प्रपितामहीं त०, मातामहं त०, प्रमातामहं त०, वृद्ध-प्रमातामहं त०, मातामहीं त०, प्रमातामहीं त०, वृद्ध-प्रमातामहीं त०, सुमुखीं त०, ह्लौः भैरवीं त०, छां छीं छिन्नमस्तां त०, ऐं क्लीं सौः बालां त०, सौः भार्गवेशीं त०, दुं दुर्गां त०, ह्रीं भवानीं त०, क्रीं भ्रीं भ्रों भद्रकालीं त०, क्लीं शाम्भवीं त०, श्रीं महामायां त०, वैं वैन्दनेश्वरीं त०, गं गणेशं त०, वं वरुणं त०, श्रीं श्रीदं त०, धीं धर्मराजं त०, बगलामुखीं साङ्गां सपरिवारां त०।

तब २-३ बार आचमन व प्राणायाम कर—'ॐ ह्रीं हंसः' से सूर्य को तीन बार अर्घ्य देकर भास्कर देव को प्रणाम करे।

दूसरा उल्लास

द्वार-पूजादि मातृका-न्यासान्त विवरण

पूजा-गृह में आकर पहले द्वार-पूजा करे। यथा—द्वार के ऊपरी भाग में 'ॐ द्वार-श्रियै नमः', कोनों में 'गं गणेशाय नमः, सं सरस्वत्यै नमः', शाखाओं में 'धां धात्रे नमः, विं विधात्रे नमः' और देहली में 'दें देहल्यै नमः' से पूजा करे। फिर वामाङ्ग-संकोच-पूर्वक दाहने पैर से भीतर प्रवेश करे। वहाँ नैर्ऋत्य में—'वां वास्त्वधि-पतये ब्रह्मणे नमः', ईशान में 'दीं दीपानाथाय नमः' से पूजन कर भैरव की अनुमति के लिये प्रार्थना करे—

तीक्ष्ण-दंष्ट्र महाकाय कल्पान्त-दहनोपम !

भैरवाय नमस्तुभ्यमनुज्ञां दातुमर्हसि ॥

तदनन्तर आसन-स्थान का मूल से वीक्षण, अस्त्र—'फट्' से प्रोक्षण, 'फट्' से संरक्षण, 'फट्' से दर्भों द्वारा सन्ताडन और 'हूँ' से अवगुण्ठन कर आसन को स्पर्श कर कहे—

पृथ्वि! त्वया धृता लोका देवि ! त्वं विष्णुना धृता ।

त्वं च धारय मां देवि ! पवित्रं कुरु चासनम् ॥

फिर 'ॐ ह्लीं आधार-शक्ति-कमलासनाय नमः' से आसन की पूजा कर उस पर बैठे और अपनी बाईं ओर—'गुरुभ्यो नमः', दाहिनी ओर 'गणपतये नमः' और आगे 'देव्यै नमः' से प्रणाम कर आचमन करे। फिर प्राणायाम कर भूत-शुद्धि करे।—

मूल से तीन बार छोटिका द्वारा चुटकी बजाते हुये दश-दिग्बन्धन करे। फिर पैर से जानु तक—'पृथ्वी-मण्डलं लं-बीज-युक्तमप्सु संहरामि', जानु से नाभि तक—'वरुण-मण्डलं वं-वीज-युक्तं वह्नौ संहरामि', नाभि से हृदय तक—'वह्नि-मण्डलं रं-बीज-युक्तं वायौ संहरामि', हृदय से भ्रूमध्य तक—'वायु-मण्डलं यं-वीज-युक्तमाकाशे संहरामि', भ्रू-मध्य से ब्रह्मरन्ध्र तक—आकाश-मण्डलं हं-बोज-युक्तमहङ्कारे संहरामि; अहं-तत्वं महत्तत्वे, महत्तत्वंप्रकृतौ, प्रकृतिं ह्लीं इति मायां पर-ब्रह्मणि संहरामि'—इन मन्त्रों से प्रविलापन कर मूलाधार से कुण्डलिनी को उठाकर हृदय में जीवात्मा से मिलावे और ब्रह्म-रन्ध्रस्थ परमात्मा से योजित कर वहीं पृथिव्यादि तत्त्वों को संयोजित करे। अब बाईं कुक्षि में पाप-पुरुष का ध्यान करे। यथा—

ब्रह्म-हत्या-शिरः-स्कन्धं स्वर्ण-स्तेय-भुज-द्वयम् ।
उप-पातक-रोमाणं रक्त-श्मश्रु-विलोचनम् ॥
सुरा-पान-हृदा-युक्तं गुरु-तल्प-कटि-द्वयम् ।
तत्संसर्गि पद-द्वन्द्वमङ्ग-प्रत्यङ्ग-पातकम् ॥
अचेतनमधो-वक्त्रं गन्ध-पादप-सन्निभम् ।
खड्ग-चर्म-धरं क्रुद्धं वाम-कुक्षौ विचिन्तयेत् ॥

इसके बाद 'यं रं वं' से क्रमानुसार प्राणायाम द्वारा शोषण, दाहन और प्लावन करे अर्थात् 'यं' के षोडश बार जप-पूरक द्वारा पाप-पुरुष का शोषण कर 'रं' के ६४ बार जप-कुम्भक से उसे दग्ध मानकर 'वं' के ३२ बार जप-रेचक से प्लावन कर 'वं' वीज के पूरक १, कुम्भक ४, रेचक २ जप से दृढ़ीकृत्य सावयव पुण्य-पुरुष की विभावना करे।

अब हृदय पर हाथ रखकर निम्न मन्त्र से प्राण-प्रतिष्ठा करे—आं ह्रीं क्रों यं······हं हौं हंसः मम प्राणा इह प्राणाः आं

ह्लीं क्रों यं......हं हौं हंसः मम जीव स्थितः, आं ह्लीं क्रों यं......हं हौं हंसः मम सर्वेन्द्रियाणि, वाङ्-मनश्चक्षुः-श्रोत्र-जिह्वा-घ्राण-प्राणा इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा।

इस प्राणप्रतिष्ठा मन्त्र का लेलिहान मुद्रा से तीन बार जप करे।

तदनन्तर स्वरों से पूरक, 'क' से 'म' तक के वर्णों से कुम्भक और 'य' से 'क्ष' तक के वर्णों से रेचक—इस क्रम से तीन प्राणायाम कर कृताञ्जलि हो मातृका-न्यास करे। यथा—

विनियोग—अस्य श्रीमातृका-न्यास-मन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषिः, गायत्री छन्दः, श्रीमातृका-सरस्वती देवता, हलो बीजानि, स्वराः शक्तयः, बिन्दवः कीलकं, श्रीबगलाराधनत्वेन विनियोगः।

ध्यान—

पञ्चाशदक्षर - विनिर्मित - देह - यष्टि ।
भालेक्षणं धृत - हिमांशु - कलाभिरामाम् ॥
मुद्राक्ष - सूत्र-मणि-पुस्तक - शोभि-हस्तां ।
वर्णेश्वरीं नमत कुन्द - हिमांशु - गौरीम् ॥

शिरो-वदन-हृदय-गुह्य-पाद-सर्वाङ्ग में दाहिनी तत्व-मुद्रा से ऋष्यादि का न्यास कर कराङ्ग-न्यास करे—ॐ ह्लीं अं कं-५ आं ह्लीं अंगुष्ठाभ्यां नमः, ॐ ह्लीं इं चं-५ ईं ह्लीं तर्जनी०, ॐ ह्लीं उं टं-५ ऊं ह्लीं मध्यमा०, ॐ ह्लीं एं तं-५ ऐं ह्लीं अनामिका०, ॐ ह्लीं ओं पं-५ औं ह्लीं कनिष्ठिका०, ॐ ह्लीं अं यं......हं लं क्षं अः ह्लीं करतल-करपृष्ठाभ्यां नमः।

इसी प्रकार षडङ्ग-न्यास करे।

अन्तर्मातृका-न्यास इस क्रम से करे—कण्ठ में स्वरों से, हृदय में 'क' से 'ठ' तक, नाभि में 'ड' से 'फ' तक, लिङ्ग में 'ब' से 'ल' तक, मूलाधार में 'व' से 'स' तक और भ्रू-मध्य में 'ह क्ष' से। 'ॐ ह्लीं अं नमः'—इस क्रम से सर्वत्र न्यास करे।

अं नमो ललाटे, आं नमो मुख-वृत्ते, इं नमो दक्ष-नेत्रे, ईं नमो वाम-नेत्रे, उं नमो दक्ष-कर्णे, ऊं नमो वाम-कर्णे, ऋं नमो दक्ष-नासा-पुटे, ॠं नमो वाम-नासा-पुटे, लृं नमो दक्ष-गण्डे, ॡं नमो वाम-गण्डे, एं नमो ऊर्ध्वोष्ठे, ऐं नमोऽधरोष्ठे, ओं नमो ऊर्ध्व-दन्त-पंक्तौ, औं नमो अधोदन्त-पंक्तौ, अं नमो ब्रह्म-रन्ध्रे, अः नमो जिह्वायाम्। कं नमो दक्ष-बाहु-मूले, खं नमो दक्ष-कूर्परे, गं नमो दक्ष-मणि-बन्धे, घं नमो दक्ष-करांगुलि-मूले, ङं नमो दक्ष-करांगुल्यग्रे, चं नमो वाम-बाहु-मूले, छं नमः वाम-कूर्परे, जं नमः वाम-मणि-बन्धे, झं नमः वाम-कर-तले, ञं नमो वाम-करांगुल्यग्रे, टं नमो दक्ष-पाद-मूले, ठं नमो दक्ष-जानुनि, डं नमो दक्ष-पाद-गुल्फे, ढं नमो दक्ष-पादांगुलि-मूले, णं नमो दक्ष-पादांगुल्यग्रे, तं नमो वाम-पाद-मूले, थं नमो जानुनि, दं नमो वाम-पाद-गुल्फे, धं नमो वाम-पादांगुलि-मूले, नं नमो वाम-पादांगुल्यग्रे, पं नमो दक्ष-पार्श्वे, फं नमो वाम-पार्श्वे, बं नमः पृष्ठे, भं नमो नाभौ, मं नमो जठरे, यं नमो हृदये, रं नमो दक्ष-स्कन्धे, लं नमो वाम-स्कन्धे, वं नमः ककुदि, शं नमो हृदयादि-दक्ष-कराग्रान्तं, षं नमो हृदयादि-वाम-कराग्रान्तं, सं नमो हृदयादि-दक्ष-पादान्तं, हं नमो हृदयादि-वाम-पादाग्रान्तं, लं नमो हृदयादि-उदरान्तं, क्षं नमो हृदयादि-मुखान्तं।

तीसरा उल्लास

मूल-विद्या-न्यासादि जपान्त विवरण

मूल-विद्या-न्यास—पहले सङ्कल्प करे। यथा—श्रीबगला-मुखी-प्रीतये तन्मूल-न्यासमहं करिष्ये।

विनियोग—अस्याः श्रीब्रह्मास्त्र-विद्या-बगलामुख्या श्रीनारद ऋषिः, त्रिष्टुप् छन्दः, श्रीबगलामुखी देवता, ह्लीं बीजं, स्वाहा शक्तिः, ॐ कीलकं, श्रीबगलामुखी-देवता-प्रसाद-सिद्धयर्थे न्यासे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास—श्रीनारद-ऋषये नमः शिरसि। त्रिष्टुप्-छन्दसे नमो मुखे। श्रीबगलामुखी-देवतायै नमो हृदये। ह्लीं-बीजाय नमो गुह्ये। स्वाहा-शक्तये नमः पादयोः। ॐ-कीलकाय नमः सर्वाङ्गे। श्रीबगला-मुखी-देवता-प्रसाद-सिद्धयर्थे न्यासे विनियोगाय नमः अञ्जलौ।

कराङ्ग-न्यास—ह्लां अंगुष्ठाभ्यां नमः, ह्लीं तर्जनीभ्यां नमः, ह्लूं मध्यमाभ्यां नमः, ह्लैं अनामिकाभ्यां नमः, ह्लौं कनिष्ठिका-भ्यां नमः, ह्लः करतल-करपृष्ठाभ्यां नमः।

